प्रेस नोट दिनांक 07.01.2025
थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।

थाना बिथरी चैनपुर #bareillypolice द्वारा मृत्यु का भय दिखाकर पूजा करने के नाम पर वादी से धोखाधड़ी कर सोने के जेवरात ले जाने वाले अज्ञात ठग बाबा का अभियोग पंजीकरण होने के 40 घन्टे के अन्दर गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ठगी कर ले जाये गये माल की 100 % (कीमत करीब 07 लाख रूपये) की बरामदगी की गयी।

संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 04.01.2025 को वादी श्री शोभित शंखधार पुत्र देवेंद्र कुमार निवासी ग्राम नरियावल थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली द्वारा दी गयी तहरीर बाबत अभियुक्तगण द्वारा वादी की माता, पत्नी व भाभी को वादी व वादी के परिवारीजन की मृत्यु का भय दिखाकर पूजा करने के नाम पर धोखाधडी कर वादी की मां, पत्नी व भाभी से सोने के जेबरात ले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0-014/25 धारा 318(3)/316(3)/3(5) BNS बनाम 1.जितेन्द्र कुमार उपाध्याय पुत्र स्व0 भूदेव उपाध्याय नि0 मीरपुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर 2.एक बाबा नाम नामालूम निवासी हरदोई के पंजीकृत कराया गया।

थाना बिथरी चैनपुर, बरेली पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त की घटना में प्रकाश में आये अभियुक्त विनय कुमार पुत्र हरिशंकर तिवारी निवासी डल्ला सिंह पेट्रोल पम्प व केवी रेस्टोरेन्ट के पास सरोजनी नगर थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई को मय मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित समस्त माल 03 पीली धातु की चैन व 05 पीली धातु की अंगूठी व 02 कंगन पीली धातु वजन 73.8 ग्राम जिसको अभियुक्त विनय उपरोक्त द्वारा मणप्पुरम फाईनेस लिमिटेड हरदोई रेलवे गंज शाखा में रखकर तीन लाख लगभग लोन ले लिया था, को बरामद कर उसके घर हरदोई से दिनांक 06.01.2025 को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को मा0न्यायायल के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है। प्रकरण में अनुवर्ती कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

1. विनय कुमार पुत्र हरिशंकर तिवारी निवासी डल्ला सिंह पेट्रोल पम्प व केवी रेस्टोरेन्ट के पास सरोजनी नगर थाना कोतवाली देहात जनपद हरदोई उम्र 50 वर्ष

अभियुक्त विनय उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-014/25 धारा 318(3)/316(3)/3(5) BNS थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली।

ठगी में गया माल-

03 पीली धातु की चैन व 05 पीली धातु की अंगूठी व 02 कंगन पीली धातु कुल बजन 73.8 ग्राम

बरामदगी-

03 पीली धातु की चैन व 05 पीली धातु की अंगूठी व 02 कंगन पीली धातु कुल बजन 73.8 ग्राम (कीमत करीब 07 लाख रूपये)

पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री अभिषेक कुमार थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
2.उ0नि0 रणधीर सिंह थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
3.उ0नि0 विजयपाल सिंह थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।
4.का0 3710 अंकित कुमार थाना बिथरी चैनपुर, बरेली।